

## लगातार तीसरी बार बोल्ड हुए विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। लगातार तीसरे वनडे इंटरनैशनल में विराट कोहली बोल्ड हुए। और लगातार तीसरी बार गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकल गई। इसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के आखिरी मैच से हुई। तब ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की यॉर्कर पर भारतीय कप्तान चूक गए थे। इसके बाद न्यू जीलैंड के खिलाफ पहले वनडे इंटरनैशनल मैच में लेग स्पिनर ईश सोढ़ी की गुगली कोहली के बल्ले और पैड के बीच से रास्ता बनाकर विकेटों से जा टकराई और फिर ऑकलैंड में भी टिम साउदी की ऑफ कटर पर वह बोल्ड हुए।
ऐसे में सवाल है कि क्या कोई तकनीकी खामी है या फिर कोई यह महज संयोग है। अपने 247 वनडे इंटरनैशनल मैचों में कोहली अभी तक 27 बार बोल्ड हुए हैं। इसमें से 20 बार उन्हें दाएं हाथ के गेंदबाजों ने और 7 बार बाएं हाथ के गेंदबाजों ने बोल्ड किया है। इतना ही नहीं पेसर्स पर 15 बार और स्पिनर्स पर वह 12 बार बोल्ड हुए हैं। कोहली शुरू में ही गेंदबाजों पर दबाव बनाने के लिए जाते हैं और फ्लिक शॉट उनका फेवरिट है।

# फिर वनडे हारा भारत न्यूजीलैंड ने जीती सीरीज

**क्रिकेट**

## भारत को न्यू जीलैंड ने दूसरे वनडे में हराकर सीरीज में बनाई अजेय बढ़त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
ऑकलैंड। फॉर्म में चल रहे रॉस टेलर के नाबाद अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत न्यू जीलैंड ने दूसरे वनडे में शनिवार को भारत को 22 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ न्यू जीलैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑकलैंड में न्यू जीलैंड ने 8 विकेट पर 273 रन बनाए जिसके बाद भारतीय टीम 48.1 ओवर में 251 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई। भारत को सीरीज के पहले वनडे में 4 विकेट से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सीरीज का तीसरा और अंतिम वनडे 11 फरवरी को माउंट माउंगानुई में खेला जाएगा।



**जडेजा की मुश्किल समय में फिफ्टी, सैनी संग जोड़े 76 रनः** ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा (55) ने जीत की नींव जरूर रखी लेकिन वह जीत नहीं दिला सके। उन्होंने नवदीप सैनी (45) के साथ 8वें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। जडेजा ने 73 गेंदों की अपनी पारी में 2 चौके और 1 छक्का लगाया।
**अय्यर की फिफ्टीः** 274 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के लिए श्रेयस अय्यर ने अर्धशतक जड़ा। अय्यर ने 57 गेंदों की अपनी पारी में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्हें हामिश बेनेट ने विकेट के पीछे टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। वह छठे विकेट के रूप में टीम के 129 के स्कोर पर पविलियन लौटे। इसके बाद ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और नवदीप सैनी ने 8वें विकेट के लिए 76 रन की पार्टनरशिप की लेकिन जीत के इतना करीब पहुंचने के बाद टीम कामयाब नहीं हो सकी।
**96 रन तक लौटी भारत की आधी टीमः** भारत की शुरुआत खराब रही और उसके 2 विकेट 34 रन तक गिर गए। मयंक अग्रवाल (3) को बेनेट की गेंद पर टेलर ने लपका जबकि पृथ्वी साव को जैमीसन ने बोल्ड किया। यह जैमीसन का पहला इंटरनैशनल विकेट रहा। इसके बाद विराट कोहली (15) को टिम साउदी ने बोल्ड किया। लोकेश राहुल (4) 5वें नंबर पर बल्लेबाजी को उतरे लेकिन खास नहीं कर सके। फिर केदार जाधव (9) को भी साउदी की गेंद पर हेनरी निकोल्स ने लपक लिया और भारत का स्कोर 5 विकेट पर 96 रन हो गया।
**टेलर और गप्टिल ने जड़े अर्धशतक** फॉर्म में चल रहे रॉस टेलर के नाबाद अर्धशतक से न्यू जीलैंड ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 273 रन बनाए। टेलर 74 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों के साथ 73 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 9वें विकेट के लिए काइली जैमीसन के साथ 51 गेंद में 76 रन की साझेदारी की। ओपनर मार्टिन गप्टिल ने 79 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली जिसमें 8 चौके और 3 छक्के लगाए।

## भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराया, ऐसा रहा मैच का रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मेलबर्न। स्मृति मंधाना के अर्धशतक के दम पर भारत ने आखिरकार बल्लेबाजी में फॉर्म हासिल करते हुए ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को सात विकेट से हराकर त्रिकोणीय टी20 सीरीज में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 173 रन बनाये जिसमें एशले गार्डनर के 57 गेंद में 93 रन शामिल है। मेग लेनिंग ने 22 गेंद में 37 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य 19.4 ओवर में हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में 49 रन और मंधाना ने 48 गेंद में 55 रन बनाए।
इस जीत के साथ भारत अंकतालिका में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया



और इंग्लैंड के बीच रविवार को होने वाले आखिरी लीग मैच से पता चलेगा कि फाइनल किन टीमों के बीच होगा। दो बार नाकाम रहने के बाद 16 वर्ष की शेफाली ने भारत को शानदार शुरुआत दी। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना ने पारी की सूत्रधार की भूमिका निभाई। शेफाली को एलिसा पेरी ने निकोला कारे के हाथों लपकवाया। उसके बाद जेमिमा रोड्रिगेज क्रीज पर आई जिन्होंने 19 गेंद में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये।
मेगान शट ने 13वें ओवर में उन्हें पवेलियन भेजा। कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 गेंद में 20 रन बनाकर नाबाद रही।उन्होंने मंधाना के साथ 42 रन की साझेदारी की। मंधाना 19वें ओवर में कारे की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई पारी का आकर्षण गार्डनर रही जिन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए।

## चौहान और गुलिया को रजत, भारत ने हंगरी में पांच पदक जीते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। प्रेसिडेंट्स कप के रजत पदकधारी गौरव चौहान (91 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन ज्योति गुलिया (51 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किये जिससे भारत ने हंगरी के डरबेसन में 64वें बोक्सकाई मेमोरियल टूर्नामेंट में अपना अभियान पांच पदक से समाप्त किया। दक्षिण एशियाई खेलों के स्वर्ण पदकधारी चौहान को फाइनल में कजाखस्तान के ऐबेक ओरलबे से 0–4 से हार का सामना करना पड़ा। उन्हें सेमीफाइनल में वाकओवर मिला था। गुलिया (51 किग्रा) ने भी रजत पदक से संतोष किया, उन्हें रूस की सोलुईयानोवा श्वेतलाना से फाइनल में 2–3 से हार मिली। गुलिया ने सेमीफाइनल में कनाडा की मैंडी बुजोल्ड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दो अन्य भारतीय मुक्केबाज मनीषा (57 किग्रा) और पीएस प्रसाद (52 किग्रा) ने भी चौम्पियनशिप में रजत पदक हासिल किये थे। एशियाई चौम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा को फाइनल में विश्व चौम्पियनशिप की रजत पदकधारी रूस की लियूडमिला वोरोंतसोवा से हार मिली थी।

## न्यूज डायरी



### स्पॉट फिक्सिंग में फंसे नासिर जमशेद को 17 महीने की जेल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज नासिर जमशेद को पाकिस्तान सुपर लीग में स्पाट फिक्सिंग में शामिल होने के आरोप में 17 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। जमशेद को ब्रिटिश नागरिक युसूफ अनवर और मोहम्मद एजाज के साथ गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने शुरुआत में आरोपों से इनकार किया था। उन पर पीएसएल 2018 के दौरान इस्लामाबाद युनाइटेड और पेशावर जाल्मी के बीच दुबई में खेले गए मैच के दौरान खिलाड़ियों को जान बूझकर खराब खेलने के लिये उकसाने का आरोप है। जमशेद को पिछले साल दिसंबर में सुनवाई के दौरान दोषी पाया गया। पीसीबी ने उन पर अगस्त 2018 में दस साल का प्रतिबंध लगा दिया था। अनवर को 40 महीने और एजाज को 30 महीने जेल की सजा सुनाई गई।

### मशहूर बॉक्सर डिंको सिंह कैंसर टेस्ट के लिए हॉस्पिटल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महान बॉक्सर और साई में सीनियर कोच डिंको सिंह फिलहाल इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर ऐंड बिलिअरी साइंसेस हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उन्हें यहां कैंसर टेस्ट के लिए भर्ती कराया गया है। 2017 में कैंसर को शिकस्त दे चुके इस बॉक्सर की सबसे बड़ी चिंता है आर्थिक मदद। अर्जुन अवॉर्ड और पद्म श्री अवॉर्डी बॉक्सर का कहना है कि अगर कैशलेस ट्रीटमेंट की व्यवस्था हो जाए तो वह मानसिक दबाव से छुटकारा मिल जाएगा। दरअसल, डॉक्टरों ने यकृत कैंसर (लीवर कैंसर) की संभावना को लेकर परीक्षण किया, जो उन्हें तीन साल पहले था और सफलतापूर्वक इलाज भी किया गया था। उन्होंने अपने ट्रीटमेंट के बारे में कहा, मुझे पीलिया हुआ था, जिसके बाद यहां ईलाज के लिए आना पड़ा।

### मिशेल सैंटनर हुए चोटिल तो फील्डिंग कोच ल्यूक रोंची उतरे मैदान पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारत और न्यू जीलैंड के बीच ऑकलैंड वनडे में एक रोचक वाकया देखने को मिला। इस मैच में भारतीय पारी का 37वां ओवर शुरू हुआ तो मैदान पर पूर्व क्रिकेटर और मौजूदा फील्डिंग कोच ल्यूक रोंची दिखाई दिए। वह फील्डिंग कर रहे थे। इस बात से सभी हैरान थे। क्रिकेट फैन्स जानना चाहते थे कि क्या संभव है कि क्या आइसीसी के नियम के मुताबिक किसी टीम का कोच फील्डिंग करने के लिए उतर सकता है? दरअसल, न्यू जीलैंड की टीम के कई खिलाड़ी फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। जहां नियमित कप्तान केन विलियमसन चोट की वजह से बाहर हैं तो पिछले मैच में खेलने वाले स्कॉट कगलिन को फ्लू हुआ है और वह इस मैच में नहीं खेल पाए। इसके बाद जब भारतीय पारी का 36वां ओवर चल रहा था तो मिशेल सैंटनर के पेट में दिक्कत हुई, जिससे उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा और उनकी जगह ल्यूक रोंची मैदान पर उतरे।

### बुमराह को फिर नहीं मिला विकेट, पहली बार लगातार तीसरे वनडे में हुआ ऐसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह को न्यू जीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में सीरीज के दूसरे वनडे में शनिवार को भी विकेट नहीं मिला। उन्होंने 10 ओवर में 64 रन दिए लेकिन विकेट नहीं ले सके। यह बुमराह का लगातार तीसरा वनडे इंटरनैशनल मैच रहा जिसमें उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह के साथ ऐसा पहली बार हुआ कि लगातार 3 वनडे में उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इससे पिछले वनडे में न्यू जीलैंड के खिलाफ ही उन्होंने हैमिल्टन में 10 ओवर में 53 रन लुटाए लेकिन विकेट नहीं मिल सका। वह मुकाबला भारत 347 रन बनाकर हार गया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में खेले गए सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे में भी वह कोई विकेट नहीं ले सके थे। इसी साल 19 जनवरी को खेले गए उस वनडे में बुमराह ने 10 ओवर में केवल 38 रन दिए, लेकिन विकेट नहीं ले सके। भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी।